02/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर के राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और श्री खांडू और मंत्रिपरिषद से अनुरोध किया है कि वे नई सरकार के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहें। इसके अलावा, राज्यपाल ने कैबिनेट की सलाह को भी स्वीकार कर लिया है और सातवीं राज्य विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस बीच, राज्यपाल ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राज्य प्रशासन को सफलतापूर्वक चलाने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। 00000000000

अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 46 सीटे जीतकर राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखी है। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना आज हुई थी। भाजपा ने दो हजार उन्नीस की विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार पांच सीटे अधिक जीती है। परिणामों की घोषणा होने के बाद आज प्रेस कान्फेरेंस में मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि साठ निर्वाचन क्षेत्रों में 46 सीटे जीतना राज्य के भारतीय जनता पार्टी के लिए एक एतिहासिक क्षण है। उन्होंने राज्य में इस बार फिए से नई सरकार बनाने के लिए भाजपा को भारी बहुमत से समर्थन देने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। श्री खांडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश देने वाले अरूणाचल प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में एक बार फिर भाजपा में विश्वास व्यक्त करने वाले लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के विकास के लिए पूरे उत्साह के साथ काम करती रहेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे राज्य में गए और वहां के लोगों से जुडे।

0000000000000000000000

राज्य की साठ सदस्यों की विधानसभा में 46 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत के अलावा शेष 14 सीटों पर राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों ने जीत दर्ज की है। इन चौदह सीटों में से नेशनल पीपल्स पार्टी (एन पी पी) ने पांच सीटे अपने नाम की है। पांच सीटों पर जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवार है मारियांग से ओनी पांयांग, लिरोमोबा से पेसी जिलेन तवांग से नाम्गे शेरिंग, पासीघाट ईस्ट से तापी दारांग और लोंगडिंग पुमाव से थांगवांग वांगहम। इस बीच पीपल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो सीट जीती है, वे है दोईमुख से नाबम विवेक और मेबो से ओकेन तायेंग। वहीं नेश्नलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन सी पी) ने तीन सीट पर अपनी जीत दर्ज की है और जीतने वाले उम्मीदवार है बोरदुम्सा दियुन से निख कामिन, याचुली से तोको तातुंग और लेकांग से लिखा सोनी। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) ने कुमार वाई द्वारा एक सीट जीती है और बाकी तीन सीटे स्वतंत्र उम्मीदवार नामपोंग से लाईसम सिमाई, खोंसा ईस्ट से वांगलम साविन और थ्रीजीनो-बुरागांव से तेनजींग न्यिमा ग्लो ने जीत हासिल की है।

00000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेमल चक्रवात के प्रभावों की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्हें चक्रवात प्रभावित राज्यों की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान गवांने वालों और मकानों तथा सम्पत्ति को हुए नुकसान पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि सरकार चक्रवात प्रभावित राज्यों को हर प्रकार की सहायता देना जारी रखेगी। उन्होंने गृह मंत्रालय को, मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के वास्ते नियमित रूप से स्थिति की निगरानी और समीक्षा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने चुनाव के बाद किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने के लिए राज्यों को केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराए हैं। आयोग ने यह निर्णय राज्यों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों के आकलन के आधार पर लिया। आंध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतगणना के बाद 15 दिनों के लिए सुरक्षा बल उपलब्ध कराए गए हैं। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में मतगणना के दो दिन बाद तक सुरक्षा बल तैनात रहेंगे।

000000000000000000

मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिन तक देश के पूर्वोत्तर हिस्से और दक्षिण के तटवर्ती इलाक़ों में तेज वर्षा का अनुमान है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, हिमालय से लगे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में अगले चार दिन तक तेज वर्षा हो सकती है।

000000000000000

इस वर्ष मई में, वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) से कुल 1 लाख 73 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जीएसटी राजस्व में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सकल जीएसटी संग्रह 3 लाख 83 हजार करोड़ रुपए है। यह वर्ष-दर-वर्ष 11.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है जो घरेलू लेन-देन और आयात में वृद्धि के कारण संभव हुई है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी (ए पी डब्लू ड्ब्लू एस) ने हालही में पासीघाट से सामने आए बाल शोषण मामले की निंदा की है। सोसायटी ने कथित दुर्व्यहार करने वाली ए डी ओ नानुंग सीतांग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोसायटी ने अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से बाल अधिकार उल्लंघन के खिलाफ अभियान चलाने की अपील भी की है। सोसायटी ने नागरिको से सतर्क रहने और बाल शोषण के किसी भी मामले की सूचना चाइल्ड लाईन टोल - फ्री नंबर - 1098 पर देने का आग्रह किया है।

00000000000000000

भारतीय मुक्केबाज अमित पंघल ने आज पुरुषों के इक्यावन किलोग्राम वर्ग में प्रतिष्ठित पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। उन्होंने बैंकॉक में विश्व मुक्केबाजी क्वालिफायर में चीन के लियु चुआंग को पांच - शून्य से क्वाटर - फाईनल में हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं एथलेटिक्स में भारत की नयना जेम्स ने आज ताइवान एथलेटिक्स ओपन दो हजार चौबीस में महिलाओं की लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता।

0000000000000000